दैनिक
# न्याय साक्षी

छत्तीसगढ़-प्रादेशिक
सेहत-विज्ञान-फीचर

रायगढ़, गुरूवार 18 अक्टूबर 2018
www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### डोंगरगढ़ जाने निकले पदयात्रियों को लूटने वाले गिरफ्तार

राजनांदगांव (आरएनएस)। डोंगरगढ़ जाने वाले पदयात्रियों को चाकू दिखाकर मोटरसाइकिल और मोबाइल लूटने वाले गिरोह के सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि 15 तारीख को मुकेश भूआर्य ने सूचना दी थी कि कुछ अज्ञात व्यक्ति उसकी मोबाइल व अन्य सामान लूटकर भाग गए हैं। इसी बीच फिर से सूचना मिली कि डोंगरगढ़ जा रहे एक अन्य व्यक्ति भी लूटपाट का शिकार हो गया है। लूट की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए ईआरवी डोंगरगढ़ बाघ-2 की टीम को लूटेरों को पकड़ने रवाना किया गया। पीड़ितों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने संदिग्धों को दबोच लिया।

### बीएसपी हादसे की दण्डाधिकारी जांच प्रारंभ, 22 तक साक्ष्य आमंत्रित

दुर्ग (आरएनएस)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी उमेश कुमार अग्रवाल द्वारा दिए गए दण्डाधिकारी जांच के आदेश के परिपालन में जांच अधिकारी अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र में हुई घटना के कारणों की जांच प्रारंभ कर दी गई है। घटना की जांच हेतु निम्न बिन्दु निर्धारित किए गए हैं- घटना का विवरण?, घटना घटित होने का कारण क्या था?, क्या इस घटना को टाला जा सकता था?, इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति ना हो, इसके लिए सुझाव तथा अन्य बिन्दु जो जांच अधिकारी उचित समझे। घटना से संबंधित जानकारी रखने वाले व्यक्ति स्वतः उपस्थित होकर अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी अग्रवाल के कार्यालय कक्ष क्रमांक 31 (भूतल) में 22 अक्टूबर 2018 तक कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर मौखिक अथवा लिखित साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते हैं।

### कांकेर में नक्सलियों ने फेंके चुनाव बहिष्कार के पर्चे

रायपुर। कांकेर इलाके में आगामी विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने का आह्वान कर रहे बैनर और पर्चे देखे गए।

### पत्नी से अवैध संबंध होने के संदेह पर बचपन के दोस्त की हत्या

बिलासपुर। सरकण्डा थानांतर्गत ग्राम चिल्हाटी में बुधवार दोपहर चरित्र शंका पर दोस्त की हत्या करने के बाद आरोपी खून से लथपथ गड़ासा समेत थाने पहुंच गया। पुलिस कर्मियों को उसने दोस्त की हत्या करने के बाद सरेंडर करने की बात कही तो पुलिस के होश उड़ गए। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज करने के बाद गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार ग्राम चिल्हाटी निवासी दिलीप यादव पिता रामफल यादव (32) दूध विक्रेता है। बुधवार दोपहर ढाई बजे वह खून से लथपथ गड़ासा के साथ सरकंडा थाना पहुंचा। उसने बताया कि करीब एक घंटे पूर्व उसने दोस्त राजेश कश्यप की हत्या कर दी है। वह थाने में सरेंडर करने आया है। दिलीप की बातें सुनकर पुलिस कर्मियों के होश उड़ गए। दिलीप को हिरासत में लेने के बाद पुलिस कर्मियों ने घटना की जानकारी थाना प्रभारी संतोष जैन और कोतवाली सीएसपी विश्वदीपक त्रिपाठी को दी।

### निर्वाचन आयोग ने ओपी चौधरी सहित 10 को थमाया नोटिस

रायगढ़। सोशल मीडिया में दावेदारों और पार्टी का प्रचार करने को लेकर मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मानिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) कमेटी ने पूर्व आइएएस ओपी चौधरी, वर्तमान विधायक रोशन अग्रवाल व पूर्व विधायक हृदयराम राठिया सहित 10 को नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है।

खरसिया क्षेत्र के एक युवक ने पूर्व आइएएस ओपी चौधरी को लेकर सोशल मीडिया में पोस्ट डाला था, जिसमें चुनाव चिन्ह का उपयोग करने के साथ ही उसमें ओपी चौधरी को अपना वोट डालने के लिए प्रेरित करने वाला संदेश था। इसी तरह लैलूंगा के पूर्व विधायक हृदयराम राठिया, जनता कांग्रेस के विभाष सिंह ठाकुर, सुनील मिंज, पवन शर्मा, रोशन अग्रवाल को नोटिस जारी किया गया है। नोटिस के माध्यम से निर्वाचन आयोग के मापदंड के बारे में अवगत कराते हुए यह कहा गया है कि उक्त पोस्ट करने के लिए मीडिया प्रमाणन कमेटी से अनुमति नहीं ली गई।

### मोहन भागवत : सरकार कानून लाकर बनाए राम मंदिर

नई दिल्ली। भारत पंचामृत के मंत्र के रास्ते पर निकलेगा और विश्व गुरु बनकर खड़ा होगा. इन शब्दों के साथ संघ प्रमुख मोहन भागवत ने विजयादशमी के सालाना उत्सव में अपने भाषण की शुरुआत की और बाबर, पाकिस्तान, चीन, सरकार, समाज, मतदान पर बात की. इस दौरान वो दो अहम मुद्दे राम मंदिर और अर्बन माओवाद पर भी वो बोले.राम मंदिर के मसले पर मोहन भागवत ने कहा, संत महात्मा जो कदम उठाएंगे, संघ उसके साथ चलेगा. चाहे जैसे हो राम मंदिर बनना ही चाहिए. सरकार कानून लाकर मंदिर बनाए. इसमें किसी का कोई हस्तक्षेप नहीं हो.उन्होंने कहा, राम हमारे गौरव पुरुष हैं. यदि ये हमारे गौरव पुरुष हैं तो उनका स्मारक होना चाहिए. अब पता चल गया कि वहां मंदिर है, नीचे है, सब सिद्ध हो चुका है. फिर भी न्यायालय में प्रकरण है और लंबा हो रहा है.

## पश्चिम विधानसभा में स्टील टिफिन से भरा ट्रक पकड़ाया

### आधी रात हीरापुर में मिला ट्रक

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर के पश्चिम विधानसभा इलाके में बीती रात कांग्रेसजनों की शिकायत पर एक संदिग्ध ट्रक को रोका गया। ट्रक की जांच-पड़ताल की गई तो इसमें 7858 नग स्टील टिफिन बरामद किया गया। पश्चिम विधानसभा के कांग्रेस के प्रबल दावेदार विकास उपाध्याय ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह चुनाव में मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए मंगाई गई वस्तु है। इससे स्पष्ट हो जाता है कि विरोधी मतदाताओं को प्रभावित करने अभी से सभी तरह के हथकंडे अपना रही है।



पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस के प्रबल दावेदार विकास उपाध्याय ने बताया कि बीती रात सूचना मिली थी कि पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में भारी मात्रा में स्टील का टिफिन आ रहा है जिसे क्षेत्र में बांटे जाने की तैयारी है। इस पर उन्होंने कांग्रेस के साथियों के साथ संदिग्ध ट्रक की तलाश शुरू कर दी। इस बीच सूचना मिली कि हीरापुर में टिफिन से भरा ट्रक पहुंचा है। इस पर कांग्रेसजनों ने हीरापुर पहुंचकर ट्रक को रूकवाया और इसकी सूचना पुलिस और राज्य निर्वाचन आयोग को दी। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने उक्त ट्रक को जप्त कर लिया है साथ ही मामले की जांच करने पुलिस प्रशासन को निर्देशित किया है। बताया जाता है कि रात करीब 3 बजे यह ट्रक पकड़ा गया। कांग्रेसजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि विरोधी अपनी संभावित हार से मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए इस तरह के हथकंडे अपना रही है।

इधर विकास उपाध्याय ने आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें सूचना मिली कि उक्त टिफिन का वितरण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के गुढ़ियारी, रामनगर, सरोना, कोटा, रायपुरा, अशोक नगर जैसे क्षेत्रों में किया जाता, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सजगता से हजारों टिफिन पकड़ा गया।

## बालोद-धमतरी मुख्य मार्ग पर सड़क हादसा, एक मृत, 5 घायल




बालोद (आरएनएस)। बालोद-धमतरी मुख्य मार्ग पर आज एक अनियंत्रित गाड़ी पेड़ से जा टकराई, जिससे सवार एक व्यक्ति की मौत तथा 5 लोग घायल हो गए। घायलों में कुछ की हालत गंभीर है। बताया जा रहा है कि गाड़ी में भिलाई के वेंकेटश्वर टॉकिज के मालिक का परिवार भी था।

मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी भिलाई की महिन्द्र जाइलो क्रमांक-सीजी 07 एजेड 3431 में सवार लोग घूमने के लिए चित्रकूट जा रहे थे। गाड़ी जैसे ही सुबह लगभग 6 बजे झलमला व देवारभाट के पास पहुंची वह अनियंत्रित हो गई और सीधे एक पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में कार में सवार मोहम्मद शेख अहमद खान 50 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं उसमें सवार अन्य 5 लोगों को गंभीर चोटें आई है। बताया जा रहा है कि कार में वेंकेटश्वर टॉकीज के मालिक का परिवार के लोग भी थे। दुर्घटना हुई गाड़ी के अलावा एक डस्टर गाड़ी भी थी जिसमें आंध्रप्रदेश के कुछ लोग भी सवार थे।

### साइंस कालेज मैदान में होगा राहुल गांधी का कार्यक्रम

रायपुर (आरएनएस)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी 22 अक्टूबर को एक दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। श्री गांधी यहां किसान महासम्मेलन को संबोधित करेंगे। इसके लिए कांग्रेस की तैयारियां तेज हो गई हैं। उनका कार्यक्रम साइंस कालेज मैदान में आयोजित किया जाएगा। कांग्रेस सूत्रों की माने तो किसान महासम्मेलन की तैयारियां तेज हो गई हैं। पीसीसी ने संगठन के सभी पदाधिकारियों को कार्यक्रम की जवाबदारी दे दी है,

### विजयादशमी पर आरएनएस में 19 को रहेगा अवकाश

(सूचना) विजयादशमी के शुभ अवसर पर आरएनएस परिवार अपने सभी समाचार पत्रों के पाठकों को शत-शत बधाई देता है। 19 अक्टूबर को विजयादशमी पर आरएनएस में अवकाश रहेगा। 20 अक्टूबर से पूर्व की भांति सेवाएं समाचार पत्रों को उपलब्ध होगी।

### गांजा की तस्करी करने वाले गिरोह के दो गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस की चेकिंग अभियान में दो गांजा तस्कर को क्राइम ब्रांच व देवेंद्र नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस की टीम ने बस स्टैंड व उसके आसपास दूसरे राज्यों से गांजा लेकर आने वाले संदिग्ध यात्रियों व लोगों की धरपकड़ अभियान के तहत यात्री प्रतिक्षालय में ग्राहक की तलाश में बैठे दो लोगों को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान घबराकर दोनों आरोपी बेग में नशे का सामान लेकर भागने के फिराक में थे।

## एसईसीएल सुराकछार से कोयला चोरी फिर शुरू

### पुलिस सिर्फ भ्रमण कर लौट जाती है- वापस

कोरबा (आरएनएस)। सुराकछार साइडिंग से कोयला चोरी का सिलसिला पुनः शुरू हो गया। बोरी में भर कर कोयला निकाल दूर एकत्र किया जा रहा है और एक ट्रक होने पर बेच दिया जा रहा है। एसईसीएल प्रबंधन अब तक बांकीमोंगरा थाने में सात लिखित शिकायत कर चुकी है। पुलिस केवल खानापूर्ति के लिए मामला पंजीबद्ध तो किया है, पर आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं की गई। इस वजह से तस्करों के हौसले बुलंद है।

खदान के डंपिंग यार्ड एवं रेलवे साइडिंग से कोयला चोरी का सिलसिला पहले भी काफी चल रहा था, पर पुलिस की कड़ाई के बाद काम बंद हो गया था। बताया जा रहा है कि जब से चुनाव आचार संहिता लागू हुई है, उसके बाद कोयला चोरी का सिलसिला पुनः शुरू हो गया है। एसईसीएल के सुराकछार रेलवे साइडिंग में बगदेवा, ढेलवाडीह, बल्गी तथा सिंघाली का कोयला लेकर स्टाक किया जाता है और मालगाड़ी में भरकर अन्यत्र भेजा जाता है। इसका फायदा क्षेत्र के लोग उठाने लगे हैं। जानकारों का कहना है कि रोजाना रात में सौ से भी ज्यादा लोग बोरी लेकर साइडिंग पहुंचते हैं और कोयला भरते हैं। प्रत्येक व्यक्ति तीन.चार बोरी कोयला भरकर साइकिल में रख रवाना हो जाते हैं। साइडिंग क्षेत्र से दूर सूनसान इलाके में बोरी समेत कोयला रख देते हैं और पुनः खदान से कोयला निकालते हैं। सुबह चार बजे तक यह सिलसिला लगातार जारी रहता है, इसके बाद बंद कर दिया जाता है। तीन.चार दिन में ही एक ट्रक से ज्यादा कोयला एकत्र हो जाता है। तब उक्त कोयले को ट्रक में भरकर एजेंट द्वारा बाहर भेज दिया जाता है। इसके एवज में कोयला निकालने वालों को निर्धारित राशि थमा दी जाती है।


## नमस्ते इंग्लैंड की शूटिंग से पहले अर्जुन कपूर ने किया था अक्षय कुमार को फोन

ऐक्टर अर्जुन कपूर और परिणीति चोपड़ा स्टारर फिल्म नमस्ते इंग्लैंड रिलीज के लिए तैयार है।



इस फिल्म को पहले अक्षय कुमार को ध्यान में रखते हुए लिखा गया था। हालांकि, बाद में इसमें अर्जुन को कास्ट किया गया। इस बात को लेकर जब अर्जुन से सवाल किया गया तो उन्होंने बताया कि शूट से पहले उन्होंने अक्षय कुमार से बात की थी।

## टूथब्रश के 7 आश्चर्यजनक इस्तेमाल, जो आपको मालूम होना चाहिए



आज तक आपने टूथब्रश केवल दांतों की सफाई के लिए इस्तेमाल किया होगा, लेकिन टूथब्रश के जो इस्तेमल हम आपको बताने जा रहे हैं, उन्हें जानने के बाद आप आश्चर्यचकित रह जाएंगे। आइए आपको बताएं कि आपको क्यों अपना पुराना टूथब्रश नहीं फेंकना चाहिए और इसे आप किन कामों के लिए प्रयोग कर सकते हैं-

1. दांतों की सफाई के अलावा आप टूथब्रश से अपने नाखूनों को भी साफ कर सकते हैं।

2. आप इसे मेनीक्योर और पेडीक्योर करते समय इस्तेमाल कर सकते हैं।

3. होंठों पर जमी मृत त्वचा को हटाने के लिए भी इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके लिए होंठों पर हल्के दबाव के साथ टूथब्रश के इस्तेमाल से स्क्रब करें।

4. कंघी में जमा गंदगी को टूथब्रश से आसानी से साफ किया जा सकता है।

5. हेयरड्रायर को साफ करने के लिए भी इसका इस्तेमाल किया जा सकता है।

6. बालों को रंगने व हाईलाइटिंग करना हो तब भी टूथब्रश बड़े काम की चीज है।

7. गहनों की सफाई के लिए भी टूथब्रश का इस्तेमाल एक बेहतर तरीका है।

## केवल एक-एक शिक्षक चला रहे हैं 70 स्कूल

जगदलपुर (आरएनएस)। प्रदेश के शिक्षामंत्री केदार कश्यप के विधानसभा क्षेत्र में ही शिक्षा की व्यवस्था बदहाल है और वे किस प्रकार पूरे प्रदेश में शिक्षा का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। यह लोगों के समझ में नहीं आ रहा है।

जानकारी के अनुसार बस्तर विकासखंड के अंतर्गत आने वाले उनके क्षेत्र में 179 प्राथमिक स्कूल हैं और इनमें से भी 70 स्कूल ऐसे हैं जो आज केवल एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं। शिक्षक छुट्टी में या बीमार हो जाता है तो स्कूल में अघोषित छुट्टी हो जाती है।



उल्लेखनीय है कि भानपुरी के अंतर्गत आने वाले इस क्षेत्र का कुछ हिस्सा नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है और यहां का प्रतिनिधित्व प्रदेश के शिक्षा मंत्री करते हैं। इस विधानसभा के अंतर्गत आश्रम शालाओं की स्थिति भी अच्छी नहीं है। सभी स्थानों पर अभावों का जमावड़ा है। कहीं स्कूल भवन बने है तो पूरी व्यवस्था नहीं है और कुछ स्थानों पर नये भवन बनकर तैयार हैं लेकिन लोकार्पण नहीं हुआ है जिसके कारण इन स्कूलों को वैकल्पिक व्यवस्था के तहत किसी भी प्रकार से अन्य भवनों में संचालित किया जा रहा है। इसी के साथ ही इस क्षेत्र में 29 हाई स्कूलों की संख्या है लेकिन इन सभी में विषयों के शिक्षकों की भारी कमी है। इस प्रकार शिक्षा मंत्री के क्षेत्र में ही अंधेरा ही अंधेरा है। शिक्षा का उजाला अभी तक नहीं पहुंच सका है।


## कुछ-कुछ होता है जैसी फिल्में दोबारा बनाना मुनासिब नहीं: करण जौहर



बॉलिवुड फिल्ममेकर करण जौहर ने 20 साल पहले आज के दिन फिल्म इंडस्ट्री में डायरेक्टर के रूप में कदम रखा था। करण की पहली फिल्म कुछ कुछ होता है 16 अक्टूबर 1998 को सिनेमाघरों में पहुंची थी। इसीलिए, करण उन यादों को ताजा करने के लिए आज एक खास इवेंट भी आयोजित कर रहे हैं। इस बारे में करण कहते हैं, 'मेरी पूरी जिंदगी कुछ कुछ होता है की वजह से ही है। मैंने जो भी आज पाया है, वह कुछ कुछ होता है कि वजह से पाया है। इसीलिए, हम एक इवेंट कर रहे हैं। यह बस उन यादों को सेलिब्रेट करने के लिए है। मुझे उस फिल्म का हर पल, हर लम्हा याद है। किस दिन क्या मुश्किल हुई, किस दिन हमने क्या मजे किए, वे सारे पत्ते इस इवेंट में खुल जाएंगे। आज मेरे करियर को भी 20 साल हो गए। मुझे लग रहा है कि मैं इंडस्ट्री में सीनियर हो गया हूं।'

## थेम्स नदी में दरियाई घोड़े की पाई गयी है, दुर्लभ प्रजातियां

आजकल प्रदूषण काफि हदे पार कर रहा है। थेम्स नदी में गोता लगाते हुये मछलियों के अलावा आपको बहुत सी चीज़ों से आपको दर्शन हो जायेंगे इसी के साथ आपको कुछ पुराने टायर, साईकिल, जूते, प्लास्टिक बैग्स, बोटल्स, या फिर कई तरह को कबाड़ आपको मिल जायेगा लेकिन



आपको जानकर हैरानी होगी कि थेम्स नदी में कुछ अन्य जीव जैसे हार्बर सील, डॉल्फिन, तथा दरियाई घोड़े की दुर्लभ प्रजातियां पाई गयी है। इतना प्रदुषण होने के बाद भी इतनी सारी कुदरत की चीज़ें वैज्ञानिकों ने मिली है जिस पर यकिन करना बहुत ही मुश्किल है। बता दे कि थेम्स नदी प्रदूषण के कारण 1950 में बायोलॉजिकली डेड घोषित कर दिया गया था।

आपको जानकारी दे दे कि थेम्स नदी को टेम्स रीवर भी कहा जाता है और सरकार ने इसे साफ करने के लिये कई योजनाएं चलाई हैं लेकिन इनका कोई खास फर्क नहीं पड़ा है। लेकिन कुछ हद तक अब ये धीरे-धीरे जलीय जंतुओं की स्थली बनती जा रही है।वैज्ञानिकों ने इसके बारे मे बताया कि हिप्पोपोटामस का मिलना इस बात का संकेत है। बता दे कि थेम्स नदी में दरियाई घोड़े की दो दुर्लभ प्रजातियां खोजी गई थी एक तो शॉर्ट स्नाउटेड सी होर्स तथा स्पाइनी सी होर्स। तो वैज्ञानिकों ने बताया कि ये प्राणी वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कानूनी सुरक्षा के हकदार है।

## रणबीर कपूर से मिलने न्यू यॉर्क पहुंची आलिया भट्ट!

आलिया भट्ट और रणबीर कपूर का रिश्ता पिछले काफी समय से सुर्खियों में छाया हुआ है।



हालांकि, दोनों ने अब तक अपने रिश्ते को पब्लिकली स्वीकार नहीं किया है, लेकिन सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें इस बात की ओर साफ इशारा करती हैं कि दोनों की रिलेशनशिप स्ट्रॉन्ग होती जा रही है।